# ब्रेन इंटरनेशनल स्कूल

**सत्र 2024-25**

**कक्षा – 10** **सत्र 1 पुनरावृत्ति पत्रक** **विषय : हिंदी**

## अपठित बोध

**प्रश्न-निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ें तथा उससे संबंधित प्रश्नों के उत्तर दें।**

जब समाचार-पत्रों में सर्वसाधारण के लिए कोई सूचना प्रकाशित की जाती है तो उसे विज्ञापन कहते हैं। यह सूचना विभिन्न विषय यथा- नौकरी, किराए पर देने/लेने के मकान, औषधि अथवा अन्य कोई भी उत्पाद के प्रचार-प्रसार से संबंधित हो सकती है। कुछ लोग विज्ञापन के घोर आलोचक हैं, वे इसे निरर्थक मानते हैं। उनका मानना है कि यदि कोई वस्तु यथार्थ रूप में अच्छी है, वह बिना किसी विज्ञापन के ही लोगों के बीच लोकप्रिय हो जाएगी जबकि खराब वस्तुएँ विज्ञापन की सहायता पाकर भी भंडा फोड़ होने पर बहुत दिनों तक टिक नहीं पाएँगी परंतु लोगों की यह सोच गलत है।आज के युग में प्रचार-प्रसार का दायरा व्यापक हो चुका है अतः विज्ञापनों का होना अनिवार्य हो जाता है। किसी अच्छी वस्तु की वास्तविकता से परिचय पाना आज के विशाल संसार में विज्ञापन के बिना नितांत असंभव है। विज्ञापन ही वह शक्तिशाली माध्यम है जो हमारी जरूरत की वस्तुएँ प्रस्तुत करता है, उनकी माँग बढ़ाता है और अंततः हम उन्हें जुटाने चल पड़ते हैं। यदि कोई व्यक्ति या कंपनी किसी वस्तु का निर्माण करती है तो उसे उत्पादक कहा जाता है। उन वस्तुओं और सेवाओं को खरीदने वाला उपभोक्ता कहलाता है। इन दोनों को जोड़ने का कार्य विज्ञापन करता है। वह उत्पादक को उपभोक्ता के संपर्क में लाता है तथा माँग और पूर्ति में संतुलन स्थापित करने का प्रयत्न करता है। पुराने जमाने में किसी वस्तु की अच्छाई का विज्ञापन मौखिक तरीके से होता है। काबुल का मेवा, कश्मीर की जरी का काम, दक्षिण भारत के मसाले आदि वस्तुओं की प्रसिद्धि मौखिक रूप से होती थी। उस समय आवश्यकता भी कम होती थी तथा लोग किसी वस्तु के अभाव की तीव्रता का अनुभव नहीं करते थे। आज समय तेजी का है। संचार क्रांति ने जिंदगी को गति दे दी है। मनुष्य की आवश्यकताएँ बढ़ती जा रही हैं इसलिए विज्ञापन मानव जीवन की अनिवार्यता बन गया है।

(क) विज्ञापन से क्या तात्पर्य है?

कथनः

1) समाचार पत्रों में छपा वस्तुओं का चित्र विज्ञापन कहलाता है।

(2) समाचार पत्र-पत्रिकाओं में सर्वसाधारण के लिए प्रकाशित सूचना विज्ञापन कहलाती है।

(3) समाचार-पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित सिर्फ वस्तुओं की सूचना विज्ञापन कहलाती है।

विकल्पः

(1) केवल कथन (2) सही है

(ii) कथन (1) तथा (3) सही हैं

(iii) कथन (2) तथा (3) सही हैं

(iv) कथन (1), (2) तथा (3) तीनों सही हैं

(ख) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही उत्तर (विकल्प) चुनकर लिखिए।

कथन (A): विज्ञापन मानव जीवन का अभिन्न अंग है।

कारण (R): विज्ञापन के माध्यम से लोगों की आवश्यकताएँ पूरी होती है। एक व्यक्ति को जो चाहिए उसकी पूर्ण जानकारी उसे पहले मालूम हो जाती है।

विकल्पः

(i) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(ii) कथन (A) सही है तथा कारण (R) गलत है।

(iii) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

(iv) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं परंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

(ग) उत्पादक-उपभोक्ता संबंधों को विज्ञापन कैसे प्रभावित करता है?

(i) उत्पादक-उपभोक्ता को संपर्क में लाकर

(ii) माँग और पूर्ति में संतुलन बनाकर

(iii) उपरोक्त दोनों

(iv) वस्तुओं को विक्रय योग्य बनाकर

(घ) उत्पादक किसे कहते हैं ? स्पष्ट करें।

(ङ) विज्ञापन का क्या उद्देश्य है ?

## <u>पाठ्य पुस्तक - (स्पर्श भाग-2)</u>

**पाठ -1 साखी**

i. कस्तूरी कहाँ बसती है ?
ii. कवि के जीवन का अंधियारा कैसे मिटा ?
iii. कबीर के अनुसार सुखी कौन है ?
iv. निंदक का कबीरदास ने क्या महत्त्व बताया है ?
v. कबीर ने किस घर को जलाकर नष्ट करने की बात की है ?

**पाठ -2 पद**

i. मीरा ' हरि' के रूप में किसे संबोधित कर रही हैं ?
ii. मीरा किसकी सेवक बनाना चाहती हैं और क्यों ?
iii. मीरा श्री कृष्ण की सुंदरता का वर्णन किस प्रकार करती हैं ?
iv. मीरा कुसुंबी साड़ी क्यों पहनना चाहती हैं ?
v. द्रोपदी की लाज किसने और कैसे रखी ?

**पाठ -3 मनुष्यता**

i. कविता के अनुसार अखंड आत्म भाव का क्या अर्थ है ?
ii. कवि के अनुसार एक अच्छे मनुष्य की पहचान बताइए ।

iii. सहानुभूति ही महाविभूति क्यों है ?

iv. इस कविता के रचयिता कौन हैं तथा उन्होंने सबको एक होकर चलने की प्रेरणा क्यों दी है ?

v. सरस्वती उदार भाव किसके प्रति रखती है ?

**पाठ -4 पर्वत प्रदेश में पावस**

i. पावस ऋतु में प्रकृति में क्या-क्या परिवर्तन आते हैं ?

ii. कवि ने पर्वतों पर जो फूल हैं , उनकी तुलना किस- से की है ?

iii. कवि ने पर्वतों के आकार को किसके समान बताया है ?

iv. पर्वत तालाब में क्या निहार रहा है ?

v. 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता का प्रतिपाद्य लिखिए ।

**पाठ -5 तोप**

i. आज कंपनी बाग में तोप की स्थिति क्या है ?

ii. तोप की सफ़ाई साल में कितनी बार और कब होती है ?

iii. तोप सैलानियों को क्या बताती है ?

iv. तोप कहाँ और कैसे खड़ी है ?

v. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों का उत्तर लिखें -

अब तो बहरहाल
छोटे लड़कों की घुड़सवारी से अगर यह फ़ारिग हो
तो उसके ऊपर बैठकर
चिड़ियाँ ही अकसर करती हैं गपशप
कभी-कभी शैतानी में वे इसके भीतर भी घुस जाती हैं खास कर गौरैयें
वे बताती हैं कि दरअसल कितनी भी बड़ी हो तोप
एक दिन तो होना ही है उसका मुँह बंद।

(क) छोटे बच्चे तोप के साथ क्या करते हैं?

(i) उस पर बैठकर घुड़सवारी

(ii) चलाने का प्रयास

(iii) गप्पें मारते हैं

(iv) उपरोक्त सभी

(ख) तोप पर बैठकर गप्पें कौन करता है?

(i) बच्चे

(ii) चिड़ियाँ

(iii) सैलानी

(iv) अधिकारी

(ग) तोप के मुँह में कौन घुसता है?

(i) गोला (बारूद)

(ii) बच्चे

(iii) गौरैया

(iv) अंग्रेज

**पाठ -6 कर चले हम फिदा**

i. 'कर चले हम फिदा' गीत किस युद्ध की पृष्ठभूमि पर लिखा गया है?
ii. धरती को 'दुल्हन' क्यों कहा गया है ?
iii. यह कविता हमें क्या संदेश देती है ?
iv. कवि ने दुश्मनों की तुलना किस की है और क्यों ?
v. 'सर पर कफन बाँधना' किस ओर संकेत करता है ?

**पाठ -8 बड़े भाई साहब**

i. लेखक टाइम टेबल की अवहेलना क्यों कर देता है ?
ii. भाई साहब किस काल में निपुण थे ?
iii. शाहेरूम भीख माँग-माँग कर क्यों मर गया ?
iv. लेखक के मन में कौन-सी कुटिल भावना उदित हुई ?
v. बड़े भाई की स्वभावगत विशेषताएँ बताइए ।

**पाठ -9 डायरी का एक पन्ना**

i. 'कानून भंग' से लेखक का क्या अभिप्राय है ?
ii. कौंसिल के नोटिस में क्या लिखा था ?
iii. पुलिस ने सभा स्थल को क्यों घेर लिया था ?
iv. लोग अपने-अपने मकान व सार्वजनिक स्थलों पर झंडा फहराकर किस बात का संकेत देना चाहते थे ?
v. 'डायरी का एक पन्ना' पाठ का संदेश क्या है ?

**पाठ -10 तताँरा वामीरो कथा**

i. तताँरा को पर्व-त्योहार पर क्यों आमंत्रित किया जाता था ?
ii. वामीरो ने तताँरा को कौन-सा नियम याद दिलाया ?
iii. तताँरा ने स्वयं को अपमानित क्यों महसूस किया ?
iv. तताँरा ने खुली तलवार निकाल कर क्या किया ?
v. वामीरो घर पहुँच कर कैसा महसूस करने लगी ?

**पाठ -11 तीसरी कसम के शिल्पकार**

i. तीसरी कसम फिल्म की सबसे बड़ी विशेषता क्या है ?
ii. संगीतकार शंकर जयकिशन को किस बात पर आपत्ति थी ?

iii. शैलेंद्र के जीवन एवं फिल्मों में क्या समानता थी ?

iv. शैलेंद्र ने राज कपूर और वहीदा रहमान को सच्चा कलाकार कैसे बनाया ?

v. अच्छी फिल्म होते हुए भी तीसरी कसम के न चलने का क्या कारण था ?

## संचयन

**पाठ -1 हरिहर काका**

i. हरिहर काका की कहानी से वर्तमान समाज को क्या सीखना चाहिए ?

ii. हरिहर काका की जमीन के प्रति महंत क्यों आकर्षित था ?

iii. हरिहर काका के भाइयों का काका के साथ कैसा व्यवहार था ?

iv. लेखक ने कैसे जाना कि हरिहर काका उसे बचपन में बहुत प्यार करते थे ?

v. हरिहर काका के मामले में गाँव वालों की क्या राय थी और उसके क्या कारण थे?

**पाठ - 2 सपनों के-से दिन**

i. हेडमास्टर साहब का विद्यार्थियों के साथ कैसा व्यवहार था ?

ii. गर्मी की छुट्टियों में लेखक कहाँ जाते थे ?

iii. अगली कक्षा में जाने के विचार से बच्चे उत्साहित होते थे और उदास भी । क्यों ?

iv. पाठ के अंत में पीटी मास्टर का कौन-सा नया रूप उजागर होता है ?

**v.** 'सपनों के-से दिन' के पाठ में लेखक को कब लगता था कि वह भी एक फौजी है ?

**व्याकरण**

**1 रेखांकित पदबंध का भेद लिखें -**

**i.** वह **बहुत सुंदर** कविता लिखता है।

ii. मेहनती **छात्र** ही अच्छे अंक प्राप्त कर पाते हैं।

iii. विरोध करने वाले **लोगों में से कोई** नहीं बोला।

iv. मैं **इस माह के अंत तक** आ जाऊँगा।

**v.** दादी हर रात हमें नई-नई कहानियाँ **सुनाती रहती हैं।**

**2 निम्न लिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाएँ-**

आपा खोना , लाज रखना , प्राण सूखना , दबे पाँव आना , दिमाग होना

**3 निम्नलिखित समस्त पदों का विग्रह कीजिए और समास का नाम भी लिखिए -**

कर्मभूमि , ऋणमुक्त , राजीवलोचन, क्रोधाग्नि ,त्रिनेत्र , कार्यकुशल , भारतभूमि

**4 निर्देशानुसार वाक्य रूपांतरित करें -**

i. बच्चा दौड़ा और मेरे पास आया । (सरल वाक्य )

ii. उसने पान खाया और चक्कर खाकर गिर पड़ा । ( मिश्रित वाक्य )

iii. जैसे ही मैंने दूध पिया वैसे ही मैं सो गया । (संयुक्त वाक्य )

iv. श्याम आकर चला गया । (संयुक्त वाक्य )

**<u>रचनात्मक लेखन</u>**

i. **'बेटी बचाओ ,बेटी पढ़ाओ' विषय पर निम्नलिखित संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए ।**

   संकेत बिंदु - बेटियों को लक्ष्मी का दर्जा , सामाजिक कुरीतियों का कोपभाजन, बेटी बचाने का प्रयास , बेटियों की जीवन रक्षा, बेटियों का समान अधिकार ।

ii. **कंप्यूटर लैब में हिंदी में काम करने की सुविधा के लिए 'हिंदी फॉन्ट' की व्यवस्था करवाने का आग्रह करते हुए प्राचार्या जी को पत्र लिखिए।**

iii. **आप अपने विद्यालय में विद्यार्थी परिषद् के सचिव हैं। विद्यालय में होने वाली चित्रकला प्रतियोगिता के लिए 40-50 शब्दों में सूचना तैयार कीजिए।**

iv. **आप अपनी पुरानी पुस्तकों को बेचना चाहते हैं । अपनी कॉलोनी में प्रचार के लिए लगभग 25- 50 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए।**

v. **आप पिछले दो दिनों से विद्यालय नहीं गए हैं अत: अपनी अनुपस्थिति का कारण बताते हुए प्रधानाचार्य को ईमेल लिखें ।**

vi. **'संगति का फल' शीर्षक पर लगभग 100-120 शब्दो में एक लघुकथा लिखिए।**